भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *193
(दिनांक 12.03.2025 को उत्तर देने के लिए)

धनबाद में रेडियो स्टेशन की संचालन संबंधी फ्रीक्वेंसी

***193. श्री दुलू महतो :**

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) धनबाद में रेडियो स्टेशन के संचालन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा प्रमुख कार्यक्रमों का निर्बाध प्रसारण सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ख) क्या यह सच है कि यह रेडियो स्टेशन बहुत कम फ्रीक्वेंसी पर संचालित हो रहा है;

(ग) यदि हां, तो क्या इससे 'मन की बात' सहित कई कार्यक्रमों को प्रसारित करने की इसकी क्षमता प्रभावित हुई है;

(घ) कम फ्रीक्वेंसी पर इसके संचालन के क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा इस मुद्दे के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(ङ) क्या सरकार को इस मुद्दे के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 12.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *193 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ): वर्तमान में, आकाशवाणी धनबाद में एक अंतरिम मास्ट/टावर के साथ 2.5 किलोवाट पावर पर 10 किलोवाट का एक एफएम ट्रांसमीटर काम कर रहा है और मन की बात जैसे प्रमुख कार्यक्रमों सहित सभी कार्यक्रमों का निर्बाध प्रसारण कर रहा है। 6 डाईपोल एंटीना लगाने के लिए 100 मीटर के टॉवर के कार्य को जून, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

(ङ) एवं (च): जी, नहीं।

*****